भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1284

जिसका उत्तर दिनांक 14.12.2023 को दिया जाना है

बिहार के मुजफ्फरपुर में कैंसर अस्पताल की प्रगति

1284 # श्री सुशील कुमार मोदी :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के मुजफ्फरपुर में कैंसर अस्पताल हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है, साथ ही अब तक कितनी राशि जारी की गई है और निर्माण कार्य की भौतिक और वित्तीय प्रगति क्या है;

(ख) वर्तमान में कौन कौन से विभाग अस्थायी रूप से खोले गये हैं;

(ग) हर महीने कितने मरीजों का इलाज किया जा रहा है और भविष्य की क्या योजना है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) अस्पताल कब तक बनकर तैयार हो जाएगा?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) बिहार के मुजफ्फरपुर में कैंसर अस्पताल के लिए अनुमोदित निधि 198.15 करोड़ रुपए है और अब तक वितरित राशि 77.47 करोड़ रुपए है। अक्टूबर 2023 को निर्माण कार्य के लिए भौतिक प्रगति और वित्तीय प्रगति क्रमशः 35% और 37.58% रही है।

(ख) प्रशासनिक विभाग जिसमें चिकित्सा और सामान्य प्रशासन शामिल है, एचआरडी, लेखा, आईटी, इंजीनियरिंग, भंडार और क्रय, सुरक्षा और अग्नि; नैदानिक विभाग जिसमें निवारक अर्बुद विज्ञान (ऑन्कोलॉजी), चिकित्सा अर्बुद विज्ञान, बालचिकित्सा अर्बुद विज्ञान, सिर और गला अर्बुद विज्ञान, स्तन और गैस्ट्रो-आंत्र संबंधी अर्बुद विज्ञान, गाइनिक अर्बुद विज्ञान, एनेस्थेसियोलॉजी शामिल है और ऊतक विकृत विज्ञान, कोशिका रोग विज्ञान, रूधिर रोग विज्ञान, जैव-रसायन, सूक्ष्मजैविकी प्रयोगशालाएं अस्पताल के कामकाज के लिए अस्थायी रूप से खोली गई हैं।

(ग) रसोचिकित्सा के लिए प्रत्येक माह लगभग 1400 रोगियों का इलाज किया जाता है और लगभग 60 बड़ी सर्जरी और 130 छोटी सर्जरी की जाती हैं।

रेडियोथेरेपी सेवाओं को शुरू करना, चिकित्सा और सर्जिकल सुविधाओं का उन्नयन और कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं की स्थापना करना भविष्य की कुछ योजनाएं हैं।

(घ) अस्पताल के 31.03.2026 तक तैयार होने की आशा है।

* * * * *